# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com
वेबसाइट : www.ushadoon.org
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

दिनांक दिसम्बर 26, 2015

दिनांक 26.12.2015 को अपरान्ह 1700 बजे उषा सोसाईटी के क्लब हाऊस में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**<u>बैठक में उपस्थिति</u>** :–

1– अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2– उपाध्यक्ष – श्री एल0एम0 पन्त
3– सचिव – श्री एस0के0 शुक्ल
4– सदस्या – श्रीमती पद्मा कुमारी मुरूगेशन

**<u>विशेष उपस्थिति</u> :–** श्री इन्दु कुमार पाण्डे, पूर्व अध्यक्ष, उषा कार्यकारिणी।

कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री ए0के0 राना, कोषाध्यक्ष श्री आनन्द बर्द्धन, सदस्यों श्री अशोक कुमार एवं श्री विजय कुमार एवं सदस्या श्रीमती शान्ता रविशंकर को कतिपय कारणों से उपस्थिति से छूट प्रदान की गयी। विगत कार्यकारिणी की गोष्ठी में लिये गये निर्णयों की समीक्षा करते हुए विचार–विमर्श हुआ :–

सर्वप्रथम नवनियुक्त सदस्या श्रीमती पद्मा कुमारी मुरूगेशन का अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी में शामिल होने पर स्वागत किया गया।

**<u>बिन्दु संख्या 01</u> –दिनांक–29.11.2015 को सम्पन्न गोष्ठी में लिये गये निर्णयों की समीक्षा एवं उन पर विचार विमर्श**

ए0जी0एम0 कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–8 में उल्लिखित भवन निर्माण सम्बन्धी मानकों की सुस्पष्ट रूपरेखा सचिव कार्यकारिणी द्वारा तैयार की जानी थी। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि किन्हीं वजहों से यह ड्राफ्ट अभी तक तैयार नहीं हो पाया है और वे इसे शीघ्र ही तैयार कर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत कर देंगे।

कालोनी में बैंक–शाखा, एटीएम आदि स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि विगत एजीएम में स्टेट बैंक की शाखा की बावत लिये गये निर्णय के क्रम में उन्हें बैंक के डीजीएम श्री दिवाकर द्वारा सूचित किया गया है कि इस हेतु मुख्यालय से अनुमति प्राप्त हो चुकी है तथा वर्तमान में रिजर्व बैंक में लाइसेंस हेतु कार्यवाही प्रचलित है।

सदस्यों पर बकाया धनराशि की वसूली के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मात्र दो सदस्यों द्वारा यह राशि जमा कराई गयी है, शेष 24 सदस्यों पर देनदारी अभी भी है। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि सभी बकायेदारों को बकाया राशि की सूची एजीएम के कार्यवृत्त की प्रति के साथ रजिस्टर्ड पोस्ट से भेज दी गयी है। इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सभी को मेल द्वारा भी धनराशि जमा कराने हेतु सूचित कर दिया जाये।

प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी व सीसीटीवी कैमरा के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार की अनुपस्थिति के कारण कोई चर्चा नहीं हो पायी। जिसके कारण इस पर अगली गोष्ठी में विचार किया जायेगा।

सोसाइटी के मूल भूमि सम्बन्धी कागजातों के सम्बन्ध में सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी बैंक से इस बावत वार्ता नहीं हो पायी है, जिसे वे शीघ्र पूर्ण करेंगे।

सचिव द्वारा सदस्यों हेतु नव–वर्ष ग्रीटिंग कार्ड छपवाकर मीटिंग में प्रस्तुत किये गये, जिनको सराहा गया एवं शीघ्र समस्त सदस्यों को भिजवाने के निर्देश दिये गये।

सोसाइटी के क्लब में एक तरफ आंशिक लाइब्रेरी स्थापना के निर्णय को स्थगित करते हुए इसे सोसाइटी के निर्माण हेतु प्रस्तावित नये ऑफिस में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त सोसाइटी के प्लाट संख्या–94 एवं 95 के पीछे उपलब्ध भूमि पर सोसाइटी के कार्यालय निर्माण हेतु उसके आकलन व नक्शे के सम्बन्ध में कोई प्रगति नहीं हो पाई। अपेक्षा की गयी कि इस पर भी यथाशीघ्र कार्यवाही की जाये।

सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सोसाइटी की ओपेन किचन की सामाग्री रखने हेतु आवश्यकतानुसार आलमारी का निर्माण करवा दिया गया है और इसके लिये ताले आदि की व्यवस्था की जा रही है।

**<u>बिन्दु संख्या 02</u> –सदस्यों पर बकाया धनराशि की समीक्षा**

उपरोक्तानुसार 24 सदस्यों पर बकाया राशि दर्शायी गयी है जिन्हें पुनः सूचित करने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया। यह तथ्य भी संज्ञान में लाया गया कि सभी पर 2015–16 हेतु व्याज लगाया जा चुका है।

**<u>बिन्दु संख्या 03</u> –नव–वर्ष की पूर्वसंध्या पर होने वाले कार्यक्रमों की अन्तिम रूप–रेखा के सम्बन्ध में विचार विमर्श**

इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मात्र साढ़े–आठ हजार रूपया इच्छुक सदस्यों से एकत्रित किया जा सका है, क्योंकि अधिकतर सदस्य उस अवसर पर कालोनी में मौजूद नहीं होंगे। इसके दृष्टिगत सचिव से उसी के अनुरूप तैयारियॉ कराने की अपेक्षा की गयी एवं मीनू निर्धारित किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि अन्य सदस्यों को, जो कालोनी से बाहर निवास कर रहे हैं व्हाटस्–एप के माध्यम से सूचना भेज दी जाये ताकि इच्छुक सदस्य इसमें शामिल हो सकें।

इसी क्रम में अवगत कराया गया कि श्रीमती रविशंकर द्वारा क्लब में एक नाटक का मंचन भी कराया जाना प्रस्तावित है एवं क्लब डेकोरेशन का दायित्व भी महिलाओं का ही होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित बिन्दुओं पर भी विचारोपरान्त निर्णय लिये गये–

1– नव वर्ष के ग्रीटिंग–कार्ड सदस्यों हेतु व्हाटस्–एप पर एवं वेबसाइट पर पोस्ट कर दिया जाये।

2– कालोनी के तीनों पार्कों में फूलों के बीज डाल दिये जायें ताकि इसके फूल खिल सकें।

3– जिम में उपलब्ध साइकिल आदि उपकरणों का अनुरक्षण कराये जाने का निर्णय भी लिया गया। इस हेतु सप्लायर आदि का पता करके इसका स्टेटस पता किया जायेगा।

4— किरायेदारों या सदस्यों के अतिथियों के जिम व बैडमिन्टन हॉल का उपयोग करने पर भी चर्चा की गयी तथा इस पर अभी कोई फैसला लेने पर सहमति नहीं बनी।

5— यदि किसी सदस्य के किरायेदार का पुलिस सत्यापन नहीं हुआ है तो सम्बन्धित सदस्य को इस हेतु नोटिस भेजा जायेगा।

6— सभी सदस्यों की एक डायरेक्ट्री बनाये जाने पर भी सहमति बनी। सचिव इसमें अग्रिम कार्यवाही करेंगे।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

**—हस्ता0—**
**(एस0के0 शुक्ल)**
ऑनरेरी सचिव
उत्तरांचल सर्विसेज हाउसिंग एसोसिएशन,
देहरादून।

प्रतिलिपि—1— समस्त सदस्यगण, उषा कार्यकारिणी, देहरादून।

2— सी0ए0 श्री रविन्द्र खण्डूजा